हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 26 जुलाई 2026

बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर


तापमान

अधिकतम 29 डिग्री

न्यूनतम 24 डिग्री


4 विद्यार्थियों ने कराया आधार पंजीयन एवं अपडेट




## खबर संक्षेप

### जैन समाज का श्री उत्सव आयोजन आज

**मनेन्द्रगढ़।** श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ महिला मंडल, मनेन्द्रगढ़ द्वारा 26 जुलाई (रविवार) को ₹श्री उत्सव₹ का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन दोपहर 3:30 बजे से शाम 6:00 बजे तक स्थानीय ओसवाल भवन में होगा। कार्यक्रम में शहरवासियों एवं तेरापंथ समाज के सभी परिवारों को सपरिवार शामिल होने का आमंत्रण दिया गया है। यह आयोजन तेरापंथ महिला मंडल के स्वावलंबन एवं सामाजिक सहभागिता के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे ₹श्री उत्सव₹ अभियान का हिस्सा है। आयोजकों के अनुसार श्री उत्सव में विभिन्न प्रकार के आकर्षक स्टॉल, स्वादिष्ट व्यंजनों का फूड जोन, रोमांचक खेल, मनोरंजन कार्यक्रम तथा खरीदारी की विशेष व्यवस्था रहेगी। बच्चों, महिलाओं एवं परिवारों के लिए अनेक मनोरंजक गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी, जिससे यह आयोजन सामाजिक मेल-मिलाप और पारिवारिक उत्सव का केंद्र बनेगा। महिला मंडल ने नगरवासियों से अपील की है कि वे अपने परिवार एवं मित्रों के साथ कार्यक्रम में पहुंचकर उत्सव का आनंद लें और इस आयोजन को सफल बनाएं।

### जनसमस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना आज

**चरचा कॉलरी।** जिले के शिवपुर-चरचा नगर पालिका क्षेत्र की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष एवं वर्तमान नेता प्रतिपक्ष श्रीमती लालमुनी यादव ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ 26 जुलाई को एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन की घोषणा करते हुए इसकी सूचना अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बैकुंठपुर को सौंप दी है। नेता प्रतिपक्ष द्वारा दिए गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि नगर पालिका क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारी समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं हैं। इसी के विरोध में 26 जुलाई को सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक राजीव गांधी चौक, शिवपुर-चरचा में एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। धरने के लिए सौंपे गए ज्ञापन में प्रमुख रूप से बढ़ते पेयजल संकट, मुख्य मार्गों एवं वार्डों में बंद स्ट्रीट लाइटें, जर्जर सड़कें, नालियों की सफाई, नियमित सफाई व्यवस्था जैसे मुद्दे उठाए गए हैं। श्रीमती यादव ने कहा कि नगर पालिका प्रशासन को कई बार इन समस्याओं से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई। उनका कहना है कि जनता लंबे समय से बुनियादी सुविधाओं के लिए परेशान है, इसलिए जनहित में लोकतांत्रिक तरीके से धरना-प्रदर्शन का निर्णय लिया गया है।

### परीक्षा प्रणाली को सुरक्षित करने उठाए जा रहे कदम

**मनेन्द्रगढ़।** भाजपा एमसीबी की जिलाध्यक्ष चंपा देवी पावले ने कहा है कि केंद्र सरकार ने परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और युवाओं के भविष्य की सुरक्षा के लिए कठोर कदम उठाने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक जैसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई के लिए सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट है और दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पावले ने कहा कि कुछ राजनीतिक दलों का उद्देश्य छात्रों की समस्याओं का समाधान निकालने के बजाय भ्रम और अव्यवस्था का माहौल बनाना रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने इस मुद्दे पर छात्रों की भावनाओं का राजनीतिक लाभ लेने का प्रयास किया, जबकि केंद्र सरकार ने त्वरित निर्णय लेकर कठोर कानून की दिशा में कदम बढ़ाए हैं।

## शहर की सड़कें हुईं जलमग्न, कोरिया में फिर मेहरबान हुआ मानसून

# तेज गरज-चमक के साथ घंटेभर झमाझम बारिश



हो रही बारिश।



खेत में भरा पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एक दिन की राहत के बाद शनिवार को मानसून ने कोरिया जिले में एक बार फिर जोरदार वापसी की।

जिला मुख्यालय बैकुण्ठपुर सहित जिले के कई क्षेत्रों में दोपहर बाद अचानक मौसम ने करवट ली और तेज गर्जना, बिजली की चमक तथा मूसलाधार बारिश का दौर शुरू हो गया। करीब एक घंटे तक हुई झमाझम बारिश से जनजीवन प्रभावित रहा। सड़कों पर वाहनों की आवाजाही धीमी पड़ गई, जबकि बाजार और रास्तों में मौजूद लोगों को सुरक्षित स्थानों पर शरण लेनी पड़ी। सुबह से ही आसमान में बादलों का डेरा बना हुआ था। बीच-बीच में हल्की धूप निकलने से लोगों को मौसम सामान्य होने की उम्मीद थी, लेकिन दोपहर बाद अचानक काले बादलों ने पूरे क्षेत्र को ढक लिया। कुछ देर रिमझिम बारिश होने के बाद तेज गरज-चमक के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। तेज बारिश के कारण शहर के कई हिस्सों में पानी भर गया और निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। मौसम विभाग ने पहले ही गरज-चमक के साथ बारिश की संभावना जताई थी, जो शनिवार को पूरी तरह सही साबित हुई। शुक्रवार को करीब एक सप्ताह बाद धूप निकलने से लोगों को राहत मिली थी, लेकिन शनिवार को फिर मानसून सक्रिय होने से बारिश का सिलसिला जारी रहा। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में भी अच्छी वर्षा दर्ज की गई, जिससे खेतों में पानी भर गया। किसानों ने इसे धान की फसल के लिए लाभकारी बताया है।

### स्कूलपारा और संजयनगर में जलभराव

तेज बारिश के बाद बैकुण्ठपुर शहर के मुख्य मार्ग स्थित स्कूलपारा में सड़क पर पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत हुई। पैदल चलने वाले लोगों को पानी से होकर गुजरना पड़ा, जबकि दोपहिया वाहन चालकों को भी सावधानी बरतनी पड़ी। इसी तरह शहर के बाहरी क्षेत्र संजयनगर के मुख्य मार्ग पर भी जलभराव होने से आवागमन प्रभावित रहा। कई स्थानों पर नालियों का पानी सड़क पर आ जाने से लोगों ने नगर की जल निकासी व्यवस्था पर सवाल उठाए।

### बारिश से तापमान में आई गिरावट

पिछले कुछ दिनों से उमस भरी गर्मी से परेशान लोगों को शनिवार की बारिश ने राहत दी। बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया और तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। हालांकि लगातार हो रही बारिश के कारण शहर के कई हिस्सों में कीचड़ और जलभराव की समस्या फिर उभर आई है, जिससे लोगों को रोजमर्रा के आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी कोरिया जिले में गरज-चमक के साथ मध्यम से तेज बारिश की संभावना बनी हुई है। ऐसे में लोगों को खराब मौसम के दौरान अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचने और बिजली गिरने जैसी घटनाओं से सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

## युवक का अपहरण उतारा मौत के घाट


**प्रतापपुर।** ग्राम गोंदा में परिचित के यहां बैठे युवक को नकाबपोश युवकों ने न सिर्फ घर के



अपहरण किया बल्कि केवरा चौक के समीप ले जा कर लाठी-डंडे से प्राण घात हमला कर दिया। मारपीट से गंभीर हुए युवक ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है। जानकारी के अनुसार प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम गोंदा डिगडिवापारा निवासी हरिनंदन राजवाड़े आ. स्व. राम प्रसाद राजवाड़े (36 वर्ष) शुक्रवार की रात गांव के ही राजेन्द्र प्रसाद सूर्यवंशी के यहां दोस्त राहुल शर्मा के साथ बैठा था। इसी दौरान ग्राम केवरा के बड़ी संख्या में नकाबपोश राजेंद्र के घर पहुंचे और हरिनंदन को जबरन उठाकर अपने साथ लेकर चले गए। हरिनंदन का घर से अपहरण कर ले जाने पर राजेन्द्र ने घटना की जानकारी हरिनंदन के बड़े भाई बम भोले राजवाड़े को दी। घटना की जानकारी लगते ही बम भोले और राजेंद्र खोजबीन करने निकले तभी बम भोले की लड़की रीति ने फोन कर पिता को बताया कि चाचा हरिनंदन को केवरा चौक के समीप कुछ लोग मारपीट कर रहे। जैसे ही भाई व राजेन्द्र मौके पर पहुंचे तो देखा हरिनंदन गंभीर हालत में बेहोश पड़ा हुआ था। इसी बीच किसी ने घटना की सूचना डायल 112 को पहले ही दे दिया था। डायल 112 से घायल को तत्काल प्रतापपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत नाजुक होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। परिजन घायल को लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल के आपातकालीन केन्द्र पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। मृतक के भाई बम भोले राजवाड़े ने पुलिस को बताया कि 14 मई को भाई हरिनंदन राजवाड़े का ग्राम केवरा निवासी ललित राजवाड़े से विवाद हुआ था वहीं जब हरिनंदन के साथ मौजूद उसके दोस्त अम्बिकापुर भट्ठी रोड निवासी राहुल से पूछा तो राहुल ने बताया कि हरिनंदन को साथ ललित राजवाडे, चंदन केवट सहित अन्य लोगों ने मारपीट किया है।

# चार माह तक मांगलिक कार्यों पर रहेगा विराम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



■ चातुर्मास की शुरुआत

आषाढ़ शुक्ल पक्ष की देवशयनी एकादशी का पर्व शनिवार को जिलेभर में श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन से भगवान श्रीहरि विष्णु क्षीरसागर में चार माह के लिए योगनिद्रा में चले गए। इसके साथ ही चातुर्मास का शुभारंभ हो गया और विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, यज्ञोपवीत सहित सभी प्रकार के मांगलिक कार्यों पर विराम लग जाएगा। अब देवउठनी एकादशी के बाद ही पुनः शुभ कार्यों की शुरूआत होगी। धमार्चार्यों के अनुसार देवशयनी एकादशी सनातन परंपरा का अत्यंत महत्वपूर्ण पर्व है।

इस दिन भगवान विष्णु की विशेष पूजा-अर्चना, व्रत एवं भजन-कीर्तन का विधान है। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा और विधि-विधान से श्रीहरि की आराधना करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं तथा घर-परिवार में सुख, शांति और समृद्धि का वास होता है। मंदिरों में विशेष पूजन, विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ तथा धार्मिक अनुष्ठानों की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चातुर्मास के चार महीने आध्यात्मिक साधना, संयम और आत्मचिंतन का काल माने जाते हैं। इस दौरान संत-महात्मा एक स्थान पर रहकर प्रवचन, सत्संग और धार्मिक आयोजनों के माध्यम से लोगों को धर्म और संस्कारों का संदेश देते हैं। श्रद्धालु भी व्रत, दान, जप, तप, पूजा-पाठ और सात्विक जीवनशैली अपनाकर आध्यात्मिक उन्नति का प्रयास करते हैं। कई लोग इस अवधि में विशेष नियमों का पालन करते हुए लहसुन-प्याज, तामसिक भोजन अथवा अन्य प्रिय वस्तुओं का त्याग भी करते हैं।

### चार माह बाद फिर बजेंगी शहनाइयां

देवशयनी एकादशी के साथ ही इस वर्ष के विवाह मुहूर्त समाप्त हो जाएंगे। अब अगले चार माह तक विवाह सहित अन्य मांगलिक आयोजन नहीं होंगे। देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु के जागरण के बाद ही एक बार फिर विवाह और शुभ कार्यों की शुरूआत होगी तथा घर-घर में शहनाइयां गूंजेंगी।

### चातुर्मास में आएंगे कई प्रमुख पर्व

चातुर्मास के दौरान धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से कई महत्वपूर्ण पर्व मनाए जाएंगे। इनमें हरियाली तीज, नागपंचमी, रक्षाबंधन, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, हरितालिका तीज, गणेश चतुर्थी, अनंत चतुर्दशी, पितृपक्ष और शारदीय नवरात्रि जैसे प्रमुख पर्व शामिल हैं। इन त्योहारों के माध्यम से श्रद्धालु पूरे चार माह तक धार्मिक आयोजनों और पूजा-अर्चना में सहभागिता करेंगे।

## नीट पेपर लीक मामले के विरोध में कांग्रेस का कैंडल मार्च

**बैकुण्ठपुर।** शहर के राजीव भवन से महात्मा गांधी पार्क तक कैंडल मार्च एवं सत्याग्रह आयोजित किया गया। कार्यक्रम नीट पेपर लीक, परीक्षा प्रणाली में कथित अनियमितताओं, छात्रों पर हुए बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज तथा जगदलपुर की छात्रा स्व.हरिका राव नायडू को श्रद्धांजलि अर्पित करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।



जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि यह सत्याग्रह देश के उन छात्रों और युवाओं के साथ अटूट एकजुटता व्यक्त करने के लिए आयोजित किया गया, जिनका भविष्य व्यवस्था की गंभीर विफलताओं के कारण प्रभावित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है और छात्रों के शांतिपूर्ण विरोध का जवाब दमनात्मक कार्रवाई से दिया जा रहा है। कांग्रेस ने नीट एवं अन्य परीक्षा अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच की मांग की। कार्यक्रम के अंत में कांग्रेसजनों ने मोमबत्तियां जलाकर दिवंगत छात्रा हरिका राव नायडू को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की और छात्रों के न्याय की लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता पूर्व विधायक अंबिका सिंह देव कोषाध्यक्ष अशोक जायसवाल महामंत्री बृजवासी तिवारी वरिष्ठ मुख्तार अहमद सुरेंद्र तिवारी, शैलेन्द्र सिंह, अजय सिंह, गणेश राजवाड़े, दीपक गुप्ता, सुमन दुबे, अनिल सिंह, आशीष डबरे, अजीमुल्ला खान, विकाश श्रीवास्तव, धीरज शिवहरे, अंकित गुप्ता, मनीष सिंह, संगीता राजवाड़े, रवि राजवाड़े, सौरभ गुप्ता, संतोष गोयन, विजय चक्रधारी, रकीब बेगम, राम से सोरी, राजू भगत, राजीव गुप्ता, अर्पित गुप्ता, शशि मांझी, एजाज गुड्डू, सत्यनारायण मोदी, जीतू गुप्ता, रमेश देवांगन, फरोग सिद्दीकी, दद्दू, मनीष सिंह, फैयाज खान सहित अन्य मौजूद रहे।

### घाघी नदी की जलधारा बिखेर रही सुंदरता...



**बैकुण्ठपुर।** बरसात के दौरान जिले के कई जगहों पर स्थित जल प्रपात भी अपनी सुंदरता बिखेर दी। यह नजारा शिवघाट के नीचले हिस्से के ग्राम सीतापुर के निकट घाघी नदी पर कम उंचाई से गिरता जलधारा की है, जिसकी गर्जना के साथ जहां अपनी मौजूदगी बता रहा। वही लोगों के लिए आकर्षक नजारा देखने को मिल रहा।

## अमित सीनियर वनडे टीम में चयनित

**मनेन्द्रगढ़।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा जारी सीनियर वनडे एवं टी-20 संभावित टीम (सत्र 2026-27) में एक बार फिर कोरिया जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ी अमित यादव का चयन होने पर जिले में हर्ष का माहौल है।



जिला क्रिकेट संघ कोरिया के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने अमित यादव को इस शानदार उपलब्धि पर हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। संघ के सदस्यों ने कहा कि अमित यादव लगातार अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन और कड़ी मेहनत के दम पर कोरिया जिले का नाम प्रदेश स्तर पर रोशन कर रहे हैं। उनका लगातार टीम में चयन होना जिले के युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

संघ के सदस्यों ने विश्वास व्यक्त किया कि अमित यादव आगामी प्रतियोगिताओं में भी शानदार प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ और कोरिया जिले का गौरव बढ़ाएंगे। साथ ही उन्होंने अमित को निरंतर सफलता प्राप्त करने एवं भारतीय क्रिकेट में नई ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए शुभकामनाएं दीं। जिला क्रिकेट संघ कोरिया परिवार ने अमित यादव शुभकामनाएं दी।

### हड़तालरत अतिथि शिक्षकों को 27 तक कार्य पर लौटने के निर्देश

**अम्बिकापुर।** शासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की पढ़ाई निर्बाध रूप से संचालित हो तथा शैक्षणिक व्यवस्था प्रभावित न हो, इसे दृष्टिगत रखते हुए जिला शिक्षा अधिकारी डॉ दिनेश झा द्वारा जिले के समस्त विकासखंड शिक्षा अधिकारियों एवं शासकीय हाईस्कूल तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्यों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशों के अनुसार वर्तमान में जिले के अनेक शासकीय विद्यालयों में कार्यरत अतिथि शिक्षक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों को हड़तालरत अतिथि शिक्षकों को 27 जुलाई 2026 तक अपने-अपने कार्यस्थल पर वापस लौटने के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति के माध्यम से निर्देशित करने को कहा गया है।

### 'ड्रीमर्स-15' कार्यक्रम की शुरुआत, कलेक्टर निवास के द्वार खुले विद्यार्थियों के लिए

# 15 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने कलेक्टर से साझा की अपने मन की बात

**बैकुंठपुर।** विद्यालय की चार दीवारी से बाहर निकलकर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास तथा जीवन मूल्यों को नई दिशा देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन, कोरिया की अभिनव पहल के अंतर्गत प्रथम संवाद सत्र का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम केवल एक औपचारिक बैठक नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों, संवाद, संस्कृति और अनुभवों को एक मंच पर जोड़ने का एक अभिनव प्रयास रहा। इस अवसर पर संभवतः पहली बार कोरिया जिले में कलेक्टर निवास के द्वार विद्यार्थियों के लिए खुले, जहां प्रशासनिक औपचारिकताओं के स्थान पर बच्चों की मुस्कान, जिज्ञासाएँ, सपने और सीखने का उत्साह दिखाई दिया। प्रथम बैच 'ड्रीमर्स-15' में जिले के विभिन्न विद्यालयों से चयनित 15 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इनमें बोर्ड परीक्षाओं के टॉपर, युवा संसद प्रतियोगिता के विजेता, उत्कृष्ट चित्रकार, गायक, सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर तथा विभिन्न क्षेत्रों





में अपनी विशिष्ट पहचान बनाने वाले छात्र-छात्राएँ शामिल थे। विद्यार्थियों का चयन केवल परीक्षा परिणामों के आधार पर नहीं, बल्कि उनकीप्रतिभा, रचनात्मकता, नेतृत्व क्षमता तथा सीखने की जिज्ञासा को ध्यान में रखते हुए किया गया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में नवपदस्थ मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरिया योगेन्द्र श्रीवास उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ अपने संघर्ष, शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी तथा प्रशासनिक सेवा तक की प्रेरणादायक यात्रा साझा करते हुए बताया कि सीमित संसाधन कभी भी बड़े सपनों की राह में बाधा नहीं बनते। 'ड्रीमर्स-15' कार्यक्रम को केवल करियर मार्गदर्शन तक सीमित न रखते हुए इसे संवाद, सपनों, भारतीय सांस्कृतिक विरासत एवं स्थानीय पर्यटन से जोड़ा गया। किसी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर का शतरंज खिलाड़ी बनने का सपना व्यक्त किया, किसी ने राष्ट्रीय स्तर का चित्रकार बनने की इच्छा जताई। एक विद्यार्थी ने जापानी गेमिंग स्टूडियो स्थापित कर उद्यमी बनने का लक्ष्य रखा, तो किसी ने चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने की बात कही। कुछ विद्यार्थियों ने


⏭ शेष पेज 4 पर



MARK OF EXCELLENCE

मार्क हॉस्पिटल में पेट सम्बंधित सभी समस्याओं का अत्याधुनिक इलाज।

एक्सीलेंट गैस्ट्रोएन्टेरोलॉजी सर्विसेस:

- गैस, एसिडिटी, अपच एवं खट्टी डकार
- छाती में जलन
- पेट दर्द एवं सूजन
- कब्ज, दस्त एवं दस्त में खून
- उल्टी, हिचकी एवं खून की उल्टी
- खाना निगलने में परेशानी एवं आहार नली की समस्याएँ
- कभी भी निगली गई वस्तु (Foreign Body) का उपचार
- फैटी लिवर, हेपेटाइटिस (B/C), पीलिया एवं लिवर सिरोसिस
- अल्सर एवं GERD (Acidity/Reflux)
- IBS (इरिटेबल बॉवेल सिंड्रोम)
- पेट की टी.बी. एवं पेट में पानी
- अग्न्याशय (Pancreas) के रोगों का उपचार
- पेट, आंत एवं लिवर के रोगों का विशेषज्ञ उपचार
- एंडोस्कोपी एवं कोलोनोस्कोपी की सुविधा
- दूरबीन द्वारा पेट एवं आँत की आधुनिक जाँच

DR. MANISH KUMAR NAYAK
MBBS, MD, DRNB,
CONSULTANT GASTROENTEROLOGIST & HEPATOLOGIST

विशेषताएँ:
✔ अनुभवी गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट
✔ आधुनिक एंडोस्कोपी सुविधा
✔ सटीक जाँच एवं प्रभावी उपचार
✔ लिवर एवं पाचन रोगों की सम्पूर्ण देखभाल

MARK HOSPITAL
SERVING - CARING - HEALING SINCE 2013
Tertiary Care - Super Speciality Hospital
NABH Accredited Hospital
Chantidih Road, Sarkanda, Bilaspur 495006 (C.G.)

24x7 SERVICES • CT SCAN • PATHOLOGY • PHARMACY • ICU
FOR AMBULANCE CALL:- 9691700486

Contact No: 07752-796230, 9039028850
Website: www.markhospital.com

AdPRAYAS


Paper Jab Tough Hoga
SELECTION KA NUMBER और जबरदस्त HOGA
OUR TOPPERS → NEET (UG) 2026
ADITYA SINGH RAJPOOT 563/720 GENERAL RANK 10098
ANSHIKA AGRAWAL 563/720 GENERAL RANK 10177
TAASHU TAANK 564/720 GENERAL RANK 9895
SHUVAM SUBASISH 590/720 GENERAL RANK 5452
BHAVYA MISHRA 606/720 GENERAL RANK 3474
RAGHAV SINGH CHANDEL 632/720 GENERAL RANK 1600
AKSHAT TIWARI 592/720 EWS RANK 1463
UTKARSH VAISHNAV 576/720 Cat. RANK 9589
15030 SHIVENDRA KUMAR 558/720
20194 SUJAL PATEL 545/720
1188 ANKIT TANDON 544/720
16519 ARSH SHARMA 538/720
24403 VISHWAJEET SHRIVAS 536/720
1514 ARMAN OGREY 535/720
1718 DIPALI LAHARE 530/720
27467 SAHIL KUMAR KASHYAP 530/720
28494 DHEERAJ KASHYAP 528/720
32236 LAKESHWAR SAO 521/720
32975 VIKASH RATHORE 519/720
23080 MANSI CHANDWANI 517/720
23912 SONAL KUMAR 515/720
24340 SEJAL THAWRANI 514/720
36271 MUSKAN CHOUKSEY 514/720
35806 PADMANABH SAHU 514/720
36517 VISHNU NISHAD 513/720
37748 KANHA SAHU 511/720
25313 PRINCE SINGH 511/720
39042 SHRADDHA SONI 509/720
1040 AARCHI RAHI 493/720
34108 KRISHNA PURWANI 489/720
52620 PRAGATI CHANDRAKAR 488/720
34192 SUBHIKCHA AGRAWAL 488/720
4769 RENUKA BARMA 488/720
14348 ADITYA SINGH 482/720
36772 ANUSHKA PRASHANT BARPANDE 482/720
62076 HARSH 475/720
63420 SWATI PATEL
6626 ADARSH CHOUDHARY
63493 AARTI SAHU
7071 AYUSH SINGH JANHVI
2147 AMAN AGARIYA
5083 MAKHAN SINGH KHADIYA
7041 VAISHNAVI
7124 ARYAN MARKAM
9613 NISCHAL MERSA
9700 TULSI RATHIA
9852 SULENDRA PAIKRA
12092 GIRIJA RATHIA
13288 PRERNA EKKA
13715 KAMESHWAR MARAVI
14110 KOMAL PAIKRA
14141 HARSHITA MAHLA
16003 VAIBHAV RAO
16183 MANASI
16219 POONAM DHURWE
16476 PANKAJ KUMAR SARWAY
18916 SMRITI KACHCHHAP
19791 ANURAG DINKAR
20348 PRAVEEN GHRITLAHARE
21995 KHWAYESH GHRITLAHARE
23623 PAYAL TOPPO
24164 AVINASH BHAGAT
24284 HIMANSHU DINKER
24423 POISHA BANJARE
26542 ANUSHKA DHANSON
33809 ANNPOORNA GHRITLAHARE
42420 HARSH DAHARIYA
52992 DAMINI BANJARE
55343 RIMI
59145 ANKIT NIRALA
62294 CHITRESH BANJARE
67035 LUCKY MEHRA
72479 PANKAJ KUMAR JANGDE
75495 VIDHI MANHAR
80674 POOJA
& MANY MORE.....
120+ ACHARIANS ARE GOING TO BECOME DOCTORS!
*Calculated as per previous cut-off in all categories & Streams*
DROPPER'S 2026-27
NEW BATCH 29th JULY
ADMISSION OPEN
Special ACHIEVERS BATCH
MINIMUM FEES FOR 400+ SCORING STUDENT
For More Details Contact: 7225007662
Batch Starting 6th AUGUST 2026
SANDEEP DWIVEDI SIR
DIRECTOR & HOD PHYSICS
ACHARYA INSTITUTE
A Promise beyond excellence
Best faculties from all over India in Bilaspur With Sandeep Sir
IIT-JEE/NEET/CUET/FOUNDATION
BRANCH 1 Near Rajendra Nagar Chowk, Link Road, Above AXIS Bank Bilaspur
BRANCH 2 In Front of CMD Ground, Link Road CMD Chowk Bilaspur
BRANCH 3 In Front of Vijyapuram Colony, Main Road, Sarkanda, Bilaspur
BRANCH 4 Old Bus Stand, Near City Kotwali, Mungeli (C.G.)
7470462225
6262673703
9109492226
7470461083
हिन्दी माध्यम के छात्रों के लिए पृथक बैच एवं कक्षाएं
FACILITIES
AC CLASSROOM
LIBRARY
HOSTEL
TRANSPORT
FOLLOW US ON INSTAGRAM
ADMISSION START
FOR ADMISSION

## खबर संक्षेप

### ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में हैण्डबॉल प्रतियोगिता



अम्बिकापुर। ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई फार ईस्ट जोन हैण्डबॉल प्रतियोगिता के दूसरे दिन विभिन्न आयु वर्गों के लीग कम नॉकआउट मुकाबलों के खेल आयोजित किए गए। कोर्ट-1 में अंडर-14 एवं अंडर-17 बालिका वर्ग के 16 मुकाबले, कोर्ट-2 में अंडर -19 बालिका बालिका एवं बालक वर्ग के 10 मुकाबले, जबकि कोर्ट -3 में अंडर-17 बालक वर्ग के 12 मुकाबले खेले गए। सभी मैचों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट तकनीक, तेजी, अनुशासन, बुलंद हौसले एवं टीम भावना का परिचय दिया। प्रतियोगिता में ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल, साऊथ प्वाइंट हाई स्कूल कोलकाता, विवेकानंद केंद्रीय विद्यालय, डीएवी पब्लिक स्कूल मधुकुंडा, टैगोर्स इंडिया पब्लिक स्कूल कोचीबिहार, एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल करंजिया, ज्ञान विकास स्कूल गंजम, उत्तम इंटरनेशनल स्कूल रायगढ़, कृष्णा पब्लिक स्कूल बिलासपुर, आर्मी पब्लिक स्कूल गोपालपुर, द ग्रेट इंडिया पब्लिक स्कूल रायपुर, रीवरडेल वर्ल्ड स्कूल महासमुंद, सेंट जेवियर हाई स्कूल क्योंझर, सेंट टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल रायगढ़, एचएम एकेडमी स्कूल, जगदलपुर केसी पब्लिक स्कूल ब्रम्हपुर, आदर्शिला विद्या मंदिर कोनी-बिलासपुर, विकास रेजिडेंशियल स्कूल बड़गढ़, त्रिलोकी पब्लिक स्कूल कटघोरा, ईएमआरएस मैनपाट, सैनिक स्कूल बिश्रामपुर, नीरज पब्लिक स्कूल राजनांदगांव, साई इंटरनेशनल स्कूल, भुवनेश्वर, शिवम विद्यापीठ दुर्ग तथा मॉडर्न पब्लिक स्कूल कल्याणपुर सहित सीबीएसई संबद्ध विभिन्न विद्यालयों की टीमों ने शानदार प्रदर्शन कर प्रतियोगिता को रोमांचक बना दिया।

### नगर पंचायत के तीन पार्षदों को दिलाई गई शपथ



वाड्रफनगर। नगर पंचायत के मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह गुरूवार को चंदौरी पारा वार्ड स्थित सामुदायिक भवन में प्रतापपुर विधायक श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते एवं उपाध्यक्ष पंकज कुमार गुप्ता के आतिथ्य एवं नपं अध्यक्ष मान सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। एसडीएम एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी ने मनोनीत पार्षद रामजनक कुशवाहा, नवनीत प्रताप सिंह एवं ओमप्रकाश कनौजिया को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मनोनीत तीनों पार्षदों ने नगर विकास, जनसमस्याओं के समाधान तथा जनहित में समर्पित होकर कार्य करने का संकल्प लिया। उपस्थित अतिथियों ने कहा कि मनोनीत पार्षद नगर पंचायत के विकास कार्यों को गति देने, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने तथा नागरिकों की समस्याओं के समाधान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के बाद विधायक शकुंतला सिंह पोर्ते ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा तीन एल्डरमैन के मनोनयन से नगर के विकास कार्यों को नई गति मिलेगी।

## जैविक खेती से आर्थिक विकास के लिए असीम संभावनाएं

# कलेक्टर ने केशगवा में जैव उत्पादक केंद्र का किया शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



वनांचल सोनहत के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जैविक खेती करने वाले किसानों को कृषि उपचार संबंधी सहूलियत देने के केशगंवा में जैव उत्पादक केंद्र का औपचारिक शुभारंभ किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान से जुड़ी हुई दीदीयों द्वारा संचालित होने वाले जैव उत्पादक केंद्र का कलेक्टर कोरिया रोक्तिमा यादव ने फीता काटकर शुभारंभ किया।

शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सीईओ योगेंद्र श्रीवास, जनपद सीईओ मनोज जगत, बिहान टीम से तरुण सिंह, मसत राम सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। ग्राम पंचायत केशगंवा में सरस्वती महिला स्व सहायता समूह द्वारा शुरू किए गए जैव उत्पादक केंद्र के औपचारिक शुभारंभ कार्यक्रम में पंहुची कलेक्टर कोरिया रोक्तिमा यादव ने कहा कि आने वाला समय जैविक खेती के लिए सुनहरा समय है। बाजारों में प्रत्येक जैविक उत्पाद ग्राहकों द्वारा हाथों हाथ मंहगे दामों में खरीदा जा रहा है। इसलिए जैविक खेती से आर्थिक विकास के लिए असीम संभावनाएं बनी हुई हैं। उन्होंने क्षेत्र के किसानों को ज्यादा से ज्यादा जैविक कृषि अपनाने का सुझाव देते हुए कहा कि समूह की महिलाओं द्वारा प्राकृतिक वनस्पति का उपयोग कर बनाए जा रहे कीटनाशक और उत्पादवर्धक घोल का उपयोग फसलों में करें।

### बाजार की मांग आधारित व्यवसाय से मिलेगी कमाई की राह



राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के तहत आजीविका संवर्धन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों का भौतिक निरीक्षण करने के लिए कलेक्टर रोक्तिमा यादव सोनहत पंहुची। यहां उन्होंने सीईओ जिला पंचायत योगेंद्र श्रीवास के साथ विकासखंड सोनहत के केशगंवा स्थित आईएफसी केंद्र का अवलोकन कर आजीविका गतिविधि देखी और कार्यरत महिलाओं से बातचीत कर आय व्यय पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जनपद पंचायत सोनहत की टीम उपस्थित रही। कलेक्टर रोक्तिमा ने इस केंद्र में संचालित विभिन्न आजीविका गतिविधियों का अवलोकन किया। यंहा अलग अलग समूह द्वारा उन्नत तकनीकी अपनाकर जैविक खाद से सब्जी उत्पादन, मुर्गी पालन, बकरी पालन एवं मछली पालन जैसे कार्य किए जा रहे हैं। समूह द्वारा योजना से जुड़कर मिली आर्थिक सहायता और कुल निवेश पर बात करते हुए उन्होंने इन गतिविधियों में अब तक लगाई गई कुल लागत और उससे अर्जित शुद्ध लाभ पर जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर रोक्तिमा ने सीआईएफ में समूह की महिलाओं से रोजगार में किए जा रहे कुल खर्च और प्राप्त लाभ पर बात करते हुए अर्थशास्त्र का एक मुख्य सिद्धांत बड़ी सरलता से समझाया।

## लखपति दीदियों के आवासीय प्रशिक्षण में सीएमटीसी पंहुची कलेक्टर

बैकुण्ठपुर। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान योजना के अंतर्गत विकासखंड सोनहत के ग्राम सलगंवाकला में संचालित कम्युनिटी मैनेज्ड ट्रेनिंग सेंटर में कलेक्टर कोरिया रोक्तिमा यादव ने पंहुचकर लखपति दीदियों के प्रशिक्षण का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने यंहा विभिन्न गतिविधियों का संचालन कर रही महिलाओ से संवाद करते हुए सभी को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनने हेतु प्रोत्साहित किया। इस निरीक्षण भ्रमण में जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेंद्र श्रीवास अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। ग्राम सलगंवाकला के कम्युनिटी मैनेज्ड ट्रेनिंग सेंटर में निरीक्षण करने पंहुची कलेक्टर रोक्तिमा यादव ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओ को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जब आप आर्थिक रूप से सक्षम हो जाते हैं तो परिवार में प्रत्येक विषय पर निर्णय लेने की क्षमता प्राप्त हो जाती है। महिलाएं स्वयं के लिए और अपने परिवार की तरक्की के लिए अपने व्यवसाय खड़े करें और समाज के विकास में योगदान दें। बिहान के अंतर्गत लखपति दीदियों को अब ऑनलाइन लोन का आवेदन करना होगा। इसके लिए भारत सरकार द्वारा एक अलग ऐप बनाया गया है। ईला यानी इंडिविजल एंटरप्राइज लोन एप्लीकेशन के इस प्रशिक्षण में जिले के तीनों विकासखण्डों से



महिलाओं को चयनित किया गया है। आने वाले समय में बैंक में अब लखपति दीदी के लोन प्रकरण ऑनलाइन सबमिट किए जायेंगे। जिला पंचायत सीईओ योगेंद्र श्रीवास ने बताया कि केंद्र में इला ऐप पर महिलाओं को 2 बैच में प्रशिक्षित किया जा रहा है। एंटरप्राइज फाइनेंसिंग अंतर्गत 3 दिवसीय प्रशिक्षण का पहला बैच 24 जुलाई से 26 जुलाई तक और दूसरा बैच 31 जुलाई से 2 अगस्त तक प्रशिक्षण प्राप्त करेगा। राज्य से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर श्री मसत राम और सुश्री कल्पना इन्हें प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं।

## गौ सम्मान आव्हान अभियान, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

मनेन्द्रगढ़। गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत आयोजित प्रेस वार्ता में अभियान की रूपरेखा, उद्देश्य एवं आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। अभियान से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि यह जनजागरण अभियान गौमाता के संरक्षण, संवर्धन और सम्मान के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने का प्रयास है। इसका उद्देश्य गौवंश की सुरक्षा के प्रति जनचेतना विकसित करना तथा शासन-प्रशासन तक समाज की भावनाओं को लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से पहुंचाना है। प्रेस वार्ता में बताया गया कि अभियान किसी राजनीतिक दल, संस्था अथवा व्यक्ति विशेष के विरोध या समर्थन का माध्यम नहीं है। यह पूर्णतः सामाजिक और सांस्कृतिक अभियान है, जिसके माध्यम से गौसेवा के प्रति लोगों को जागरूक किया जा



रहा है। अभियान के अंतर्गत जिलेभर में जनसंपर्क, संवाद और जनजागरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में गौसेवक और सामाजिक कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं। पदाधिकारियों ने बताया कि अभियान के अगले चरण के अंतर्गत 27 जुलाई को प्रातः 11:00 बजे श्री राम मंदिर, मनेन्द्रगढ़ के सामने से एक विशाल जुलूस निकाला जाएगा। इस जुलूस में जिलेभर के गौसेवक, सामाजिक संगठन, युवा और आम नागरिक शामिल होंगे। जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए एमसीबी कलेक्टर कार्यालय पहुंचेगा, जहां कलेक्टर को गौ संरक्षण एवं गौ सम्मान से संबंधित विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा जाएगा। ज्ञापन के माध्यम से गौवंश की सुरक्षा, निराश्रित गौवंश के संरक्षण की प्रभावी व्यवस्था, गौशालाओं के सुदृढ़ीकरण तथा गौसेवा से जुड़े विषयों पर शासन का ध्यान आकर्षित किया जाएगा।

# विद्यार्थियों ने कराया आधार पंजीयन एवं अपडेट

हरिभूमि न्यूज. जनकपुर

### शिक्षा विभाग ने की पहल



विद्यार्थियों को आधार संबंधी सेवाएं विद्यालय स्तर पर उपलब्ध कराने और शासकीय योजनाओं का लाभ समय पर सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विकासखंड शिक्षा अधिकारी सच्चिदानंद साहू के निर्देशन में प्राथमिक शाला बालक जनकपुर परिसर में विशेष आधार पंजीयन एवं अपडेट शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन डाक विभाग जनकपुर की टीम द्वारा किया गया, जिसमें विकासखंड के विभिन्न प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों से आए बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने अपने आधार कार्ड से संबंधित आवश्यक कार्य कराए।

शिविर में नए आधार पंजीयन के साथ-साथ आधार में नाम, जन्मतिथि, पता, मोबाइल नंबर, फोटो एवं बायोमेट्रिक अपडेट जैसी विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। इससे विद्यार्थियों को आधार केंद्रों के बार-बार चक्कर लगाने से राहत मिली तथा उनके महत्वपूर्ण दस्तावेज समय पर अपडेट हो सके। गौरतलब है कि वर्तमान समय में छात्रवृत्ति, बोर्ड एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में पंजीयन, बैंक खाते, समग्र शिक्षा अभियान, विभिन्न छात्र कल्याण योजनाओं तथा अन्य शासकीय सेवाओं में आधार की अनिवार्यता को देखते हुए इस प्रकार के शिविर अत्यंत उपयोगी साबित हो रहे हैं। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए शिक्षा विभाग ने विद्यालय स्तर पर यह पहल की, जिससे विद्यार्थियों और अभिभावकों को स्थानीय स्तर पर ही सुविधा मिल सके। कार्यक्रम में प्राथमिक शाला बालक जनकपुर के प्रधान पाठक शारदा प्रसाद त्रिपाठी के नेतृत्व में विद्यालय का समस्त स्टाफ सक्रिय रूप से उपस्थित रहा। विभिन्न विद्यालयों से आए प्रधान पाठकों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के आवश्यक दस्तावेजों का सत्यापन कराया तथा उन्हें व्यवस्थित ढंग से आधार अपडेट की प्रक्रिया पूर्ण कराने में सहयोग दिया। डाक विभाग की तकनीकी टीम ने भी पूरी तत्परता के साथ प्रत्येक विद्यार्थी का पंजीयन एवं अपडेट कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न कराया। दिनभर चले इस विशेष शिविर में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। आधार अपडेट का कार्य सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। अभिभावकों ने विद्यालय परिसर में ही आधार संबंधी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शिक्षा विभाग एवं डाक विभाग की इस संयुक्त पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे समय और आर्थिक संसाधनों दोनों की बचत हुई है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी सच्चिदानंद साहू ने कहा कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों में किसी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए आधार अद्यतन होना अत्यंत आवश्यक है।

### जन्म प्रमाण पत्र बनाने पर रूपए की मांग पंचायत सचिव निलंबित

बलरामपुर। जन्म प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर रूपए मांगने के मामले में प्रशासन ने कार्रवाई की है। कलेक्टर के निर्देश पर जांच टीम ने रूपए मांगने की पुष्टि होने पर पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया है। बता दें कि जनपद पंचायत बलरामपुर के ग्राम पंचायत भेलवाडीह के पंचायत सचिव विष्णुपद मण्डल को ऑनलाइन जन्म प्रमाण-पत्र बनाने के नाम पर राशि मांगने के मामले में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। उनके विरुद्ध विभागीय जांच भी संस्थित की गई है। यह कार्रवाई सोशल मीडिया में एक ऑडियो प्रसारित होने के बाद की गई जिसमें ऑनलाइन जन्म प्रमाण-पत्र बनाए जाने के लिए 200 रूपए की मांग किए जाने का आरोप लगाया गया था। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जनपद पंचायत स्तर पर दो सदस्यीय जांच दल गठित कर मामले की जांच कराई गई। जांच प्रतिवेदन में शिकायत प्रथम दृष्टया सही पाई गई। जांच में पाया गया कि पंचायत सचिव का कृत्य छत्तीसगढ़ पंचायत सेवा (आचरण) नियम, 1998 के नियम 3(1)(2)(3) का उल्लंघन करते हुए कदाचार की श्रेणी में आता है।

# भाजपा ने तिरंगा यात्रा के लिए घोषित की टोली

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन के निदेर्शानुसार देशव्यापी स्तर पर आयोजित होने वाली तिरंगा यात्रा के सफल संचालन के लिए भाजपा जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर की जिलाध्यक्ष श्रीमती चम्पा देवी पावले ने जिला एवं मंडल स्तरीय टोली की घोषणा की है। इस संबंध में शुक्रवार को आदेश जारी किया गया। जारी आदेश के अनुसार जिला टोली में सुशील सिंह को संयोजक बनाया गया है। सदस्य के रूप में श्रीमती प्रतिमा पटवा, अभय जायसवाल एवं अंकित शर्मा को शामिल किया गया है। इसी प्रकार चिरमिरी मंडल में धर्मेन्द्र त्रिपाठी को संयोजक तथा श्रीमती मालती काशीपुरी एवं आकाश दास को सदस्य बनाया गया है। मनेन्द्रगढ़ मंडल में जयंती यादव संयोजक, श्रीमती अंजना विश्वकर्मा एवं राहुल जायसवाल सदस्य रहेंगे। खड़गवां मंडल में रमेश जायसवाल को संयोजक, श्रीमती मालती यादव एवं सत्येन्द्र साहू को सदस्य बनाया गया है। हसदेव मंडल में भगवान दास संयोजक, श्रीमती रेनु सिंह एवं अनिल सिंह सदस्य बनाए गए हैं। नागपुर मंडल में अमित राय को संयोजक तथा श्रीमती कन्याकुमारी एवं नीलकमल राउत को सदस्य नियुक्त किया गया है। केल्हारी मंडल में शरद कौशिक संयोजक, श्रीमती किरण एवं दलबीर चक्रधारी सदस्य बनाए गए हैं। कुवांरपुर मंडल में श्री भैया प्रसाद को संयोजक तथा श्रीमती नंदनी गुप्ता एवं चन्द्रप्रताप मूर्तिया को सदस्य बनाया गया है। जनकपुर मंडल में मणिप्रसाद पाण्डेय को संयोजक, श्रीमती प्रीति साहू एवं शुभम सिंह को सदस्य बनाया गया है।

# मारवाड़ी युवा मंच ने विद्यार्थियों को शैक्षणिक सामग्री का किया वितरण

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़

मारवाड़ी युवा मंच तेजस्विनी शाखा, मनेंद्रगढ़ की अध्यक्षा अनीता फरमानिया के नेतृत्व में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, खोंगापानी में छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षणिक सामग्री वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को कॉपी, पेन एवं कम्पास बॉक्स वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करना तथा उनकी शैक्षणिक आवश्यकताओं में सहयोग प्रदान करना था। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी विपिन पांडेय उपस्थित रहे।

उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हुए मारवाड़ी युवा मंच तेजस्विनी शाखा के इस सामाजिक एवं प्रेरणादायी प्रयास की सराहना की। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की प्राचार्य सुषमा टोप्पो ने की। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के व्याख्याता मनीष कुमार गुप्ता का विशेष योगदान रहा, जिनके सहयोग एवं समन्वय से कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मारवाड़ी युवा मंच तेजस्विनी शाखा, मनेंद्रगढ़ द्वारा किए गए इस सराहनीय प्रयास की विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उपस्थित जनों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं शैक्षिक कार्यक्रमों के आयोजन की अपेक्षा व्यक्त की।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज. जनकपुर

### स्कूल में हाउस कैप्टन का सम्मान




नगरपंचायत जनकपुर स्थित न्यू लाइफ इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल में नए शैक्षणिक सत्र का शुभारंभ नेतृत्व, अनुशासन और पर्यावरण संरक्षण के प्रेरक संदेश के साथ उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। विद्यालय में आयोजित गरिमामय समारोह के दौरान विभिन्न हाउसों के हाउस बॉय एवं हाउस गर्ल (हाउस कैप्टन) की घोषणा की गई।

चयनित छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथियों एवं विद्यालय परिवार द्वारा बैज पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उनके सफल एवं जिम्मेदार कार्यकाल की शुभकामनाएं दी गईं। विद्यालय मैनेजर डैनियल पटेल ने बताया कि हाउस कैप्टनों का चयन केवल एक औपचारिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और जिम्मेदारी का विकास करने की महत्वपूर्ण पहल है। इससे विद्यार्थियों को विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने का अवसर मिलेगा और उनमें संगठनात्मक कौशल का भी विकास होगा। समारोह के दौरान विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाते हुए कहा कि ₹हरियाली ही स्वस्थ जीवन और सुरक्षित भविष्य की आधारशिला है। शिक्षा का उद्देश्य केवल परीक्षा में सफलता प्राप्त करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को सामाजिक, नैतिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारियों के प्रति भी जागरूक बनाना है।₹ उन्होंने सभी विद्यार्थियों से प्रकृति संरक्षण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वन परिक्षेत्रा अधिकारी, कुंवारपुर दीपेश साहू ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ₹सिर्फ पौधे लगाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी नियमित देखभाल करना भी उतना ही आवश्यक है। यदि प्रत्येक विद्यार्थी एक पौधे की जिम्मेदारी लेकर उसका संरक्षण करे। तो आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित और हरित वातावरण तैयार किया जा सकता है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### 15 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों...

न्यूरोलॉजिस्ट एवं कार्डियोलॉजिस्ट बनकर समाज की सेवा करने की इच्छा व्यक्त की, वहीं एक विद्यार्थी ने आधुनिक खेती के माध्यम से अपने पिता के व्यवसाय को आगे बढ़ाने तथा माता-पिता की सेवा को अपना सबसे बड़ा सपना बताया। संवाद के दौरान बच्चों ने भावुक होकर बताया कि पहली बार उन्हें यह एहसास हुआ कि उनके माता-पिता कितनी मेहनत, त्याग और उम्मीदों के साथ उन्हें शिक्षा दिला रहे हैं। इस अनुभव ने विद्यार्थियों के मन में परिवार के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और जिम्मेदारी की भावना को और मजबूत किया। भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ टेक्सटाइल के अंतर्गत छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध लोक कलाकार सफियानो पावले, जिन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अनेक सम्मान प्राप्त हैं, द्वारा विद्यार्थियों को गोदना आर्ट का प्रशिक्षण दिया गया। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों को भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और छत्तीसगढ़ की पारंपरिक कला से परिचित कराया गया। संवाद के उपरांत कलेक्टर रोक्तिमा यादव ने सभी विद्यार्थियों के साथ आत्मीय वातावरण में भोजन किया। भोजन में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक पहचान फरहा सहित उत्तर भारतीय एवं दक्षिण भारतीय व्यंजनों को सम्मिलित किया गया, जिससे बच्चों को भारतीय खान-पान की विविधता के साथ अपनी स्थानीय संस्कृति का भी अनुभव प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के समापन पर विद्यार्थियों को जिले के प्रमुख पर्यटन स्थल झुमका जलाशय का भ्रमण कराया गया, जिससे वे अपने जिले की प्राकृतिक सुंदरता एवं पर्यटन धरोहर से परिचित हो सके। इस अवसर पर कलेक्टर रोक्तिमा यादव ने कहा-₹हर बच्चे के भीतर एक सपना होता है। हमारा प्रयास केवल उन सपनों को सुनना नहीं, बल्कि उन्हें विश्वास देना है कि वे उन्हें पूरा कर सकते हैं। जब बच्चे खुलकर संवाद करते हैं, अपने परिवार के संघर्षों को समझते हैं, अपनी संस्कृति से जुड़ते हैं और अपने सपनों को शब्द देते हैं, तभी नेतृत्व की वास्तविक शुरूआत होती है।

# दो सौ किलो महुआ लहान एवं शराब के साथ पकड़ा गया युवक, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को अवैध महुआ शराब बनाने एवं बिक्री करने के मामले में उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने न सिर्फ महुआ शराब जब्त किया बल्कि आरोपी युवक के घर से दो सौ किलो महुआ लाहन बरामद किया। टीम ने आरोपी के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि गंगापुर नालापारा निवासी विजय गिरी अपने घर में भारी मात्रा में महुआ लाहन एवं महुआ शराब बना कर रखा है। सूचना पर तत्काल सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने उड़नदस्ता टीम के साथ नालापारा गंगापुर में विजय गिरी के घर दबिश दी। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम के दबिश देने के दौरान विजय गिरी घर पर मौजूद था। जब टीम ने विजय गिरी के घर की तलाशी ली तो घर से 15 लीटर महुआ शराब तथा 200 किलोग्राम महुआ लाहन बरामद किया गया। साथ ही शराब बनाने के लिए भट्टी भी पाई गई। टीम ने महुआ लाहन व शराब को जब्त कर आरोपी विजय गिरी को गिरफ्तार कर लिया। संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई।

